भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3862
25 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए

आकांक्षी जिलों में सैनिक स्कूल

3862.श्री सुनील कुमार :

श्री आर.के. सिंह पटेल :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का वाल्मीकी नगर संसदीय क्षेत्र में तैनात सशस्त्र सीमा बल की 44वीं, 21वीं और 45वीं बटालियन के रक्षाकर्मियों के बच्चों के लिए सैनिक स्कूल खोलने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के चित्रकूट सहित अन्य आकांक्षी जिलों में सैनिक स्कूल खोलने का विचार है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) से (घ) : सरकार ने सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय के तत्वावधान में यथासंभव अधिकाधिक राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को कवर करने के प्रयास के साथ एनजीओ/निजी स्कूलों/राज्य सरकारों की भागीदारी के साथ चरणबद्ध तरीके से कक्षा 6 से शुरू करते हुए, कक्षा-वार 100 नए सैनिक स्कूलों को स्थापित करने की पहल को अनुमोदित किया है । सैनिक स्कूल सोसाइटी, रक्षा मंत्रालय को वेब-पोर्टल http://sainikschool.ncog.gov.in के माध्यम से एनजीओ/निजी स्कूलों/राज्य सरकारों से 379 आवेदन प्राप्त हुए हैं जो इस प्रयोजनार्थ निर्धारित

अर्हक आवश्यकताओं को पूरा करने और सैनिक स्कूल सोसायटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने के आधार पर अनुमोदन हेतु शार्टलिस्ट किए जाने के अध्यधीन हैं । यह पहल राज्य/संघशासित प्रदेश में किसी भी जिले में स्थित सभी एनजीओ/निजी/राज्य सरकार के स्कूलों हेतु उपलब्ध है । वाल्मीकी नगर, पश्चिमी चंपारण, बिहार और चित्रकूट जिला, उत्तर प्रदेश से कोई भी आवेदन प्राप्त नहीं हुए हैं ।

***